# पारिवारिक सहायता।



हेलिया की पारिवारिक सहायता की मदद से प्रॉपर्टी मार्केट में और जल्दी प्रवेश करें।

Helia

AUSTRALIAN BROKER MAGAZINE 2022 5-STAR MORTGAGE INNOVATOR AustralianBroker

# पारिवारिक सहायता क्या है?

ऋणदाता मोर्गेज बीमा (LMI) एक बीमा पॉलिसी है जिसे कोई ऋणदाता अपने आप को इस जोखिम से बचाने के लिए लेता है कि घर खरीदने वाला या निवेशक अपने ऋण भुगतान में डिफॉल्ट कर सकता (ऋण नहीं चुकाता) है और ऋणदाता पूरी बकाया ऋण राशि वसूलने में असमर्थ है।

पारिवारिक सहायता में, जब किसी घर ख़रीदने वाले पात्र व्यक्ति या पात्र निवेशक के परिवार का कोई सदस्य सेटलमेंट के समय LMI शुल्क का अग्रिम भुगतान करता है तो क्रेता को इस शुल्क में 15% की छूट दी जाती है।

*यह विकल्प कई ऋणदाताओं के माध्यम से उपलब्ध है। पुष्टि के लिए किसी ऋणदाता या मॉर्गेज ब्रोकर (स्वतंत्र वित्तीय सलाहकार) से बात करें।

## पारिवारिक सहायता कैसे मदद करती है?

पारिवारिक सहायता, परिवार के सदस्यो को प्रॉपर्टी मार्केट में जल्दी प्रवेश करने में सहायता करने का एक क़िफायती तरीका उपलब्ध कराती है।

यह घर ख़रीदारों और निवेशकों को निम्नलिखित में मदद करती है:

1. **20% से कम डिपॉज़िट राशि के साथ अभी खरीदने में**
2. **परिवार के किसी सदस्य द्वारा LMI शुल्क का अग्रिम भुगतान करने पर कम LMI शुल्क प्राप्त करने में**
3. **परिवार के किसी सदस्य से, उनके गारंटर बने बिना, सहायता प्राप्त करने में**

## मामले का अध्ययन: पारिवारिक सहायता का उपयोग करना

एक युगल (couple) $650,000 के मूल्य वाली एक निवेश संपत्ति ख़रीदना चाहता था और उनके पास बचत के रूप में $85,000 थे (13% डिपोज़िट)।

सामान्यतया किसी ऋणदाता को 20% डिपोज़िट ($130,000), और अतिरिक्त अग्रिम लागतों की आवश्यकता होती है।

अपने मॉर्गेज ब्रोकर के मार्गदर्शन, और अपने माता-पिता से वित्तीय सहायता के साथ, उस युगल ने पारिवारिक सहायता की पेशकश के साथ LMI का उपयोग करते हुए 13% डिपॉज़िट के साथ आगे कदम बढ़ाया। लोन के सेटलमेंट के समय उनके माता-पिता ने रियायती LMI शुल्क का अग्रिम भुगतान किया।

एक गारंटर की भूमिका निभाने की बजाय, माता-पिता ने LMI शुल्क का भुगतान कर दिया और वह युगल 20% से कम डिपॉज़िट राशि के साथ और जल्दी उस संपत्ति को ख़रीद सका।

डिपॉज़िट राशि विकल्पों के बारे में जानकारी प्राप्त करें
हेलिया का होम डिपॉज़िट अनुमानक
**helia.com.au** पर

यह उदाहरण केवल समझाने के लिए है। LMI ऋणदाता की रक्षा करता है। परिणाम अलग-अलग होंगे और संपत्ति के मूल्य गिर सकते हैं। पूँजी वृद्धि की गारंटी नहीं है।

Helia

© हेलिया इंश्योरेंस प्रो. लिमिटेड एबीएन 60 106 974 305। सर्वाधिकार सुरक्षित।

# पारिवारिक सहायता कैसे काम करती है।

पारिवारिक सहायता से परिवार के सदस्य गारंटर के तौर पर कार्य करने के जोखिम के बिना सहायता प्रदान कर सकते हैं। सेटलमेंट के समय जब परिवार का कोई सदस्य LMI शुल्क का अग्रिम भुगतान करता है तो यह शुल्क 15% कम कर दिया जाता है। परिवार का कोई भी सदस्य LMI शुल्क का भुगतान कर सकता है, यह घर ख़रीदने वालों के माता-पिता तक ही सीमित नहीं है।

पारिवारिक सहायता ओनर-ऑक्यूपायड (स्वयँ के निवास) और निवेश के सभी ऋणों के लिए उपलब्ध है।

## मदद के लिए हेलिया के शिक्षाप्रद साधनों से जानकारी प्राप्त करें।

**अनुमान लगाएँ, तुलना करें और उपलब्ध विकल्पों पर विचार करें।**

### LMI शुल्क अनुमानक

**helia.com.au** पर [हेलिया के **LMI** शुल्क अनुमानक] की सहायता से **LMI** शुल्क की गणना करें

### होम डिपॉज़िट अनुमानक

**at helia.com.au** पर [हेलिया के होम डिपॉज़िट अनुमानक] की सहायता से डिपॉज़िट राशि विकल्पों के बारे में जानकारी प्राप्त कर

# अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (FAQs)

## घर ख़रीदने वाले या निवेशक।

### क्या पारिवारिक सहायता का उपयोग परिवार के एक से अधिक सदस्य के लिए किया जा सकता है?

हाँ, पारिवारिक सहायता पेशकश का उपयोग कितनी बार किया जा सकता है, इसकी कोई सीमा नहीं है।

### क्या रियायती LMI शुल्क टॉप-अप (वित्तीय संस्थान द्वारा मौजूदा ऋण पर दी जाने वाली अतिरिक्त राशि) और रीफाइनेंसेज़ (मौजूदा ऋण को नए ऋण में बदलना) पर भी लागू हो सकता है?

हाँ, पारिवारिक सहायता छूट टॉप-अप्स और रीफाइनेंसेज़ के लिए उपलब्ध है यदि LMI शुल्क को ऋण की राशि में नहीं जोड़ा जाता (पूंजीकृत) और परिवार का कोई सदस्य LMI शुल्क का भुगतान करता है।

## ऋणदाता या मॉर्गेज ब्रोकर (स्वतंत्र वित्तीय सलाहकार)।

### क्या ऋणदाता को यह दिखाना होगा कि परिवार के किसी सदस्य ने यह भुगतान किया है?

नहीं, हेलिया को प्रमाण की आवश्यकता नहीं है। परंतु, ऋणदाता को घर ख़रीदने वाले व्यक्ति या निवेशक से इस बात की पुष्टि अवश्य करनी होगी कि परिवार का कोई सदस्य LMI शुल्क का भुगतान करेगा।

### मैं हेलिया को यह कैसे सूचित करूँ कि आवेदन पारिवारिक सहायता के लिए है?

यदि eLMI पोर्टल या ईमेल द्वारा सीधे हेलिया में आवेदन जमा करवाया जा रहा है, तो LMI प्रस्ताव फॉर्म में एक प्रश्न शामिल है जिसमें यह पूछा जाता है कि क्या LMI शुल्क को पूंजीकृत किया जा रहा है? एक बार यह पुष्टि हो जाने के बाद कि LMI का भुगतान परिवार के किसी सदस्य द्वारा कर दिया गया है, 'No' [नहीं] पर निशान लगाएँ और 15% पारिवारिक सहायता छूट लागू हो जाएगी।

हेलिया के साथ एकीकरण के लिए, यह संकेत देने के लिए कि LMI शुल्क को पूंजीकृत किया गया है या नहीं, पहले से एक फंक्शनलिटी (क्रियात्मकता) मौजूद है।

अस्वीकरण:
ऋणदाता मोर्गेज बीमा (LMI) एक ऐसा बीमा है जो घर ख़रीदने वालों या निवेशकों की नहीं, क्रेडिट प्रदाताओं की रक्षा करता है, और इसे घर ख़रीदने वालों या निवेशकों को सीधे नहीं दिया जा सकता है। पात्रता मानदंड, नियम और शर्तें लागू होती हैं।

इस तथ्य-पत्र में दी गई जानकारी केवल सामान्य जानकारी के लिए ही है। यह क़ानूनी, टैक्स, क्रेडिट या वित्तीय सलाह नहीं है, और यह किसी व्यक्ति की विशिष्ट परिस्थितियों के अनुसार अनुकूलित नहीं है। घर खरीदने वालों या निवेशकों को अपनी व्यक्तिगत परिस्थितियों पर विचार करना चाहिए और अपनी आर्थिक स्थिति को प्रभावित कर सकने वाले किसी भी निर्णय को लेने से पहले अपने पेशेवर सलाहकारों से सलाह लेनी चाहिए।

हेलिया बीमा कंपनी प्रा, लिमिटेड (‘हेलिया’) LMI, उत्पाद प्रदान करने के संबंध में एक असाइनी (प्रतिनिधि) के रूप में या LMI उत्पाद प्रदान करने के संबंध में सेब्रोगेशन के सिद्धांत के अंतर्गत एक क्रेडिट प्रदाता के रूप में इसके द्वारा की गई सीमित क्रेडिट गतिविधियों को छोड़कर, एक क्रेडिट प्रदाता के रूप में न तो क्रेडिट गतिविधियाँ प्रदान करता है ना ही उनमें संलग्न होता है। इस तथ्य-पत्र में प्रदान की गई जानकारी किसी विशेष क्रेडिट प्रदाता के साथ क्रेडिट अनुबंध के लिए संदर्भ नहीं देती है।